# 43 बीघा जमीन, ट्रैक्टर, कार, दो मकान ले रहा पागल की पेंशन

## गरीबी रेखा में परिवार का भी नाम दर्ज, मिल रहा फ्री का राशन



**नवभारत न्यूज.**
**नटेरन 10 सितम्बर, 43 बीघा जमीन डिजायर कार बड़ा ट्रैक्टर के साथ विदिशा और गांव में पक्का मकान के साथ ग्राम नगर रक्षा समिति जिला अध्यक्ष मानसिक विकलांग पेंशन भी ले रहा है नटेरन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रावण में 2 ग्राम है जिसमें बमोरी और रावण ग्राम को मिलकर ग्राम पंचायत बनी है.**

रावण ग्राम पंचायत जिले की सबसे भ्रष्ट पंचायत में गिनी जा रही है.जिसमें रोजगार गारंटी योजना में मृत लोगों की मजदूरी के साथ जो निर्माण कार्य हुए ही नहीं और उसकी मजदूरी का भी भुगतान किया जा रहा है जबकि ग्राम पंचायत की सरपंच महिला प्रतिनिधि है और रोजगार सहायक भी महिला ही है.वहीं ग्राम पंचायत में 43 बीघा जमीन के परिवार को गरीब रेखा का लाभ दिया जा रहा है.परिवार का मुखिया वीरेंद्र धाकड़ जो ग्राम नगर सुरक्षा समिति का जिला अध्यक्ष भी अपने आप को बताता है जिसके परिवार के नाम 43 बीघा जमीन के साथ पत्नी बेटे और बहू को मानसिक विकलांग पेंशन भी मिल रही है वीरेंद्र धाकड़ को जनपद पंचायत की पेंशन लिस्ट में भी नाम है जिनका मानसिक विकलांग प्रमाण पत्र क्रमांक 258 , 47 दिनांक 15, 3 ,18 को बना है और उनकी समग्र आईडी क्रमांक 151344 374 है जिसमें यह मानसिक पेंशन ले रहे हैं वीरेंद्र धाकड़ ने गरीबी रेखा में भी अपने परिवार को जोड़कर रखा है परिवार कार्ड क्रमांक 006542 गरीबी सर्वे सूची क्रमांक 19661 है जिसके माध्यम से वीरेंद्र धाकड़ का परिवार शासकीय राशन भी 9 लोगों का ले रहा है.

### नंबर प्लेट पर लिखा रखा जिला अध्यक्ष

वीरेन के पास ट्रैक्टर डिजायर कार जिस पर नंबर प्लेट की जगह ग्राम नगर सुरक्षा जिला अध्यक्ष लिखकर आम जनता में अपना रोब दिखाता है वीरेंद्र धाकड़ के पास ग्राम पंचायत रावण के अंतर्गत बमोरी ग्राम में अपने परिवार के नाम 43 बीघा जमीन है जिसमें वीरेंद्र के नाम सर्वे क्रमांक 208 पुत्र निरंजन किरार के नाम सर्वे क्रमांक 295 बृजेश कुमार के नाम सर्विस क्रमांक 295 पत्नी रचना बाई के नाम सर्वे क्रमांक 165 आर्यन धाकड़ के नाम सर्वे क्रमांक 106 बहु ज्योति के नाम सर्वे क्रमांक 64 बृजेश के नाम सर्वे क्रमांक 125 पत्नी श्याम भाई के नाम सर्वे क्रमांक 216 जिसमें कुल रकबा 43 बीघा से अधिक भूमि के मालिक हैं जिनके परिवार की समग्र आईडी क्रमांक 32451423 है

### मामले की जांच कराएंगे

इस संबंध में एसडीएम अजय प्रताप सिंह का कहना है कि इतनी अधिक भूमि किसान के पास है तो गरीबी रेखा में नाम नहीं होना चाहिए जांच करा लेंगे. वहीं सेल्स मेन रामकृष्ण शर्मा का कहना है कि बीरेंद्र के परिवार को 9 लोगों का राशन दिया जाता है इनके पास गरीबी रेखा का कार्ड है.

# सर्प मित्र की सांप के काटने से हुई मौत

**नवभारत न्यूज**
**पठारी 10 सितम्बर, नगर में प्रसिद्ध सर्प मित्र इरशाद शाह पुत्र इसाक शाह उम्र 36 वर्ष की सांप के डसने से मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्प मित्र इरशाद शाह की मौत अपने ही घर में सर्प को पकड़ते समय काटने के कारण हो गई है.**

प्रत्यक्ष दर्शी ने बताया कि ओवरकॉन्फिडेंस के कारण ध्यान नहीं दिया. दोपहर 12 बजे काटा था और 3 बजे परेशानी होने पर त्योंदा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई.सर्पमित्र इरशाद शाह, सांप को पकड़ने के बाद काफी देर तक सांपों को अपने साथ रखता था.जिस सांप ने काटा उसे भी डिब्बे में बंद कर लिया था. पठारी क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध था सर्प मित्र इरशाद शाह.



# सभी के सहयोग से हो रही गौ माता की सेवा

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद द्वारा सब्जी एवं फल विक्रेताओं के सहयोग से घास, फल, सब्जी इत्यादि एकत्रित की गई और उन्हें गौशाला पहुंचाया गया। जहां नपा द्वारा संचालित इस गौशाला में मौजूद मवेशियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई. नपा के स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा ने बताया कि इस अस्थाई गौशाला में 100 से अधिक मवेशी को रखा गया है. जिनके भोजन पानी की व्यवस्था भी समाजसेवियों, नागरिकों और नपा के द्वारा की जा रही है.ये मवेशी सड़क पर घूमते थे और इनके कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा के अलावा आवागमन में भी परेशानी खड़ी हो रही थी.नपा ने इनको पकड़वाकर गौशाला भिजवा दिया है जहां प्रतिदिन इनकी देख रेख सहित अन्य व्यवस्थाएं नपा कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने भी बुधवार को अपनी तरफ से गौ सेवा करते हुए मवेशियों के लिए भोजन की व्यवस्था की.

## सुकन्या समृद्धि योजना की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर के निर्देशन में हब फॉर एम्पपॉवरमेंट ऑफ़ वूमेन के अंतर्गत 2 सितम्बर से 12 सितम्बर तक चलाये जा रहे विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन ब्लॉक एवं ग्राम स्तर/आंगनबाड़ी केंद्रों पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे हैं.विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत महिला और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता, एनीमिया के रोकथाम संतुलित आहर, फॉलिक एसिड युक्त भोजन, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन को लेकर जानकारी थी प्रतिभागियों को एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं पोषण अभियान से जुड़े विषयों से अवगत कराया गया.आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई.साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम, पाक्सो एक्ट, ऊर्जा हेल्प डेस्क, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन डायल 112 आदि की जानकारी प्रदान की गई.

# हमला कर 15 लाख लूटने का बदमाशों ने किया प्रयास

## अनाज कारोबारी घायल, पुलिस कर रही जांच

**नवभरत न्यूज**
**गंजबासौदा 10 सितम्बर, कृषि उपज मंडी के अनाज व्यापारी के मुनीम अमित रघुवंशी बैंक से 15 लाख रुपए लेकर मोटरसाइकिल से कृषि उपज मंडी किसानों का भुगतान करने जा रहे थे. रास्ते में हथोड़ा के निकट अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया. जिससे वह लहूलुहान हो गए. परंतु उन्होंने रुपए से भरा थैला नहीं छोड़ा. इसी बीच रोड से कुछ लोग निकले उन्हें देखते ही हमलावर भाग निकले.इस वारदात की देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है.**

पुलिस तहकीकात कर रही है.व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो वह बासौदा बंद कर करने की अपील कारोबारी से करेंगे और पुलिस का विरोध किया जाएगा.मंडी रोड पर पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है.अनाज व्यापारी भोपाल रह रहा है.वह मूल निवासी डबरा का है.यश ट्रेडिंग कंपनी के नाम से कारोबार करता है.पुलिस ने बताया कि व्यापारी का नाम मनोज सदाना है.

# पितृ स्मरण में हो रही श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम कथा



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, 9 सितंबर से 21 सितंबर तक होने वाली पितृ स्मरण में श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा के लिए आज शाम श्री शीतला माता मंदिर से निकली मंगल कलश यात्रा.**

कथावाचक पंडित केशव गुरु ने बताया कि पितृ स्वरूप भगवान जनार्दन हरि की असीम कृपा और करुणा से एवं पितृ देवता की प्रेरणा से विगत 15 वर्षों से पितृपक्ष में पितरों की प्रसन्नता के लिए, वार्ड 17 व 18 में स्थित श्री मुरलीधर छैलबिहारी जी के मंदिर में भगवान जनार्दन हरि का अभिषेक पितृ तर्पण भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है. उसी क्रम में इस वर्ष भी कार्यक्रम संपन्न हेतु आज एक मंगल कलश यात्रा श्री शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई हनुमान चौक, सावरकर चौक, सदर बाजार होती हुई, श्री मुरलीधर छैल बिहारी जी के मंदिर गणेशपुरा पहुंची. मंगल कलश यात्रा का जगह जगह फूल बरसा कर, श्रीमद् भागवत जी की पूजा अर्चन की गई.महिलाएं सिर पर मंगल कलश रखकर, मंगल गीत गाते हुए चल रही थी.मंगल कलश यात्रा में कथावाचक पंडित केशव शास्त्री एवं गंज हनुमान मंदिर के महंत श्री महेश्वरदास त्यागी जी के सानिध्य में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल रहीं.

# भारत में 25 करोड़ लोग अनपढ़

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया.कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है.इस अवसर पर हम लोग यही सोचते हैं कि साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना लिखना जानना है. लेकिन यह शिक्षा और साक्षरता का अंतिम लक्ष्य नहीं है.**

दरअसल शिक्षा का अर्थ केवल किताबें और परीक्षाओं तक सीमित भी नहीं है शिक्षा वह है जो व्यक्ति को बेहतर नागरिक बनाएं आत्मनिर्भर बने समाज को सशक्त करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे आज भी दुनिया भर में 77.3 करोड़ लोग निरक्षर हैं.वहीं भारत में 25 करोड लोग निरक्षर हैं. सरकार का लक्ष्य की 2027 तक 100 प्रतिशत साक्षरता प्राप्त की जाए अंत में बचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, मनोज ऐलिया,जगदीश तिवारी सहित अनेक पाठक उपस्थित थे.

# साकेत शिशु रंजन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रहा उप विजेता

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** इंदौर के खालसा कॉलेज में 6वीं राज्य स्तरीय गतका सिख मार्शल आर्ट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें मध्य प्रदेश से लगभग 26 जिलों ने सहभागिता की वही विदिशा से 12 खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया.जिसमें नगर की प्रख्यात संस्था साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन विदिशा के 9 खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए अपने अच्छे प्रदर्शन के साथ टीम इवेंट में 17 वर्ष बालिका टीम ने मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया 7 टीम इवेंट में वैष्णवी राजपूत, आशी वाल्मिक एवं आरुषि ने यह पदक प्राप्त किया. वहीं एकल इवेंट में अभि यादव और मोहित सेन ने कांस्य पदक प्राप्त किया एवं शुभांक सेन अंकित दांगी योगिता आयुषी ने सहभागिता प्राप्त की विद्यालय के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश शर्मा विद्यालय के खेल शिक्षक और टीम कोच शुभम सेन ने शुभकामनाओं के साथ खिलाड़ियों का स्वागत वंदन किया.



# अखंड ज्योति दल कामाख्या शक्तिपीठ के लिए रवाना

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई, श्री माताबाग मंदिर समिति कुरवाई के तत्वावधान में इस वर्ष भी अखंड ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया.मंगलवार को माताबाग मंदिर प्रांगण से विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालुओं द्वारा अखंड ज्योति दल को कामाख्या असम के लिए रवाना किया गया.**

इस अवसर पर माताबाग मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. अनिल कुमार चौबे सहित समिति के सभी सदस्य एवं उनके परिजन उपस्थित रहे. यात्रा में चयनित तीर्थयात्री सुनील प्रजापति, विनोद कुशवाह, कार्तिक चौबे, राहुल लोधी, संजय कुशवाह, मुंशलाल पाल तथा धर्मराज शामिल हैं, जो कामाख्या धाम से अखंड ज्योति लेकर लौटेंगे.अखंड ज्योति यात्रा का उद्देश्य समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मान्यताओं को सुदृढ़ करना तथा सामाजिक समरसता का संदेश देना है. विधायक हरि सिंह सप्रे एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रियों को शुभकामनाएँ दीं और मंगलमय यात्रा की कामना की.यात्रा के शुभारंभ अवसर पर माताबाग मंदिर परिसर भक्तिभाव से गूंज उठा और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने अखंड ज्योति दल को भावभीनी विदाई दी.



# मरने के बाद आत्मा को सुख- शांति व जिंदा रहते दुख देने का बढ़ रहा चलन-ब्रह्माकुमारी

**नवभारत न्यूज**
**गंबबासौदा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा रिपटा घाट बेतवा तट पर श्राद्ध पितृ पक्ष पर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को संदेश दिया गया. जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि श्राद्ध का अर्थ श्रद्धा भाव से है जब हम अपने सच्चे मन से श्रद्धा भाव अपने पूर्वजों के लिए रखते हैं या शुभ संकल्प करते हैं तो जरूर उनकी आत्मा को सुख शांति की महसूसता होती होगी.**

पितृपक्ष के दौरान कौओं को भोजन कराने का विशेष महत्त्व है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौआ यम का प्रतीक है इस दौरान कौओं का होना पित्रों के आस पास होने का संकेत माना जाता है मान्यता है कि पितृपक्ष में पूरे पंद्रह दिन कौओं को भोजन कराना चाहिए.प्राचीन शास्त्रों के अनुसार यमराज ने कौआ को वरदान दिया था कि तुम्हें दिया हुआ भोजन पूर्वजों की आत्मा को शांति देगा तब से ही यह प्रथा चली आ रही है.गरुण पुराण के अनुसार अगर कौआ श्राद को भोजन ग्रहण कर ले तो पित्रों की आत्मा को शांति मिलती है.साथ ही ऐसा होने से यम भी खुश होते है और उनका संदेश उनके पित्रों तक पहुंचाते है.वर्तमान समय में हम देखते है की मरने के बाद आत्मा को सुख और शांति देने का चलन बढ़ता जा रहा है और जिंदा रहते दुःख और अशांति का चलन बढ़ता जा रहा है.उदाहरण के तौर पर वर्तमान समय में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है.बड़े-बड़े पैसे वाले लोगों के माता पिता वृद्धाश्रम में रह रहे हैं बच्चे विदेश में रह रहे है और माता पिता दर-दर की ठोकरें खाने के बाद वृद्धाश्रम में रह रहे है. किसी कवि ने कहा है कि- अंधेरी दुनिया तारा तरण कैसे होय, जिंदे न खिलाई घी बाटियां, मरे गंगा ले जाए जिंदा रहते पानी न देवे, कग्गा (कौआ) बाप बनाए, अंधेरी दुनिया तारा तरण कैसे होय। कहने का भाव यह है कि मरने के बाद खिलाने से आत्मा को कितनी शांति मिलती है और जिंदा रहते आत्माओं को खिलाने से उनको कितनी शांति मिलती है यह आपकी बुद्धि पर निर्भर करता है. ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी संबोधित करते हुए कहा कि कहते भी हैं जहां बच्चे अपने माता-पिता के पैर छूकर घर से बाहर निकलते हैं वह कभी असफल नहीं होते हमें अपनी संस्कृति को बचाने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भी सही दिशा देने की आवश्यकता है हमें अपने बच्चों को यह शिक्षा जरूर देनी चाहिए कि वह हमारे पूर्वजों का बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान दिल से करें.

## एक वाहन राजसात करने का आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन में जप्त एक वाहन को राजसात करने की कार्यवाही संबंधी आदेश जारी कर दिया है. जिला दण्डाधिकारी श्री गुप्ता के द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रायसेन जिले के ग्राम हाकिमखेडी के जाहिद खां पुत्र अजीज खां के द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 3688 लोडिंग आटो में पशुओं के अवैध परिवहन करता पाए जाने पर उक्त वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है.

# महू व सतपाड़ा हाट में हुआ साइकिल वितरण

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन,** विकास खंड के सतपाडा हाट व महू हायर सेकंडरी स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने बच्चों को साइकिल वितरण की. महू हाई स्कूल के कार्यक्रम में कक्षा 6 के 29 एवं कक्षा 9 के 43 कुल 72 बच्चों को साइकिल वितरित की. वहीं सतपाडा हाट एकीकृत हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 6 की 6 व कक्षा 9 की 73 कुल 79 साइकिल वितरण की गई.संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार बच्चों की पढ़ाई में बच्चों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और इसी का परिणाम है कि वर्तमान में शासकीय स्कूलों के बच्चे प्रदेश में अव्वल नंबर लेकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं. सरकार की ओर से बच्चों को लैपटॉप , स्कूटी, स्कालरशिप, गणवेश निशुल्क पुस्तकें, कम्प्यूटर लैब, सहित सर्व सुविधायुक्त भवन भी दे रही है.कार्यक्रम में में जिला पंचायत सदस्य लखन कुशवाह, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर,एसडीएम अजय प्रताप पटेल, तहसीलदार आनंद जैन, बीईओ राकेश सेन आदि उपस्थित थे.


निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से



**परिशिष्ट B संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )
(RCSA/153/2025)
**रमा शर्मा बनाम फराज**
**NEXT DATE: 26/09/2025**
प्रेषिती-
**आशा रामदयाल शर्मा**
पता ग्राम गुनआ चथोली तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा म0प्र0
**बनाम**

यह कि प्रार्थी रमा शर्मा ने आपके विरूद्ध आरसीएसए/153/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08-08-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

कृपया ध्यान दे :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती शीला मैना यादव**
**चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल (म.प्र.)**


मांग | किसान ने की कार्रवाई की मांग

# नकली दवा से चौपट हुई धान-सोयाबीन की फसल



**नवभारत न्यूज**
**सांची,क्षेत्र में किसानों की मेहनत नकली कीटनाशक दवाओं के कारोबार की भेंट चढ़ रही है.ताजा मामला ग्राम फिरोजपुर का है, जहां किसान संजीव पाल की धान और सोयाबीन की फसल महंगी दवा डालने के बाद पूरी तरह चौपट हो गई.**

जानकारी के अनुसार संजीव पाल ने अपनी 5 एकड़ सोयाबीन और 2 एकड़ धान की फसल के उत्पादन बढ़ाने के लिए 31 अगस्त को शिखर ग्रीन कृषि सेवा, सांची से 2646 की दवा खरीदी थी. 6 सितंबर को दवा डालने के बाद कुछ ही समय में पूरी फसल नष्ट हो गई. किसान का कहना है कि दवा एक्सपायरी डेट (9-9 -25) थी दवा उपयोग करने के कुछ दिन में ही एक्सपायर हो गई, बावजूद इसके विक्रेता ने बिक्री कर दी.जिससे उत्पादन बढने के स्थान पर फसल ही पूरी तरह चौपट हो गई.

फसल बर्बाद होने से परेशान किसान ने थाना प्रभारी सांची और अतिरिक्त तहसीलदार को आवेदन देकर दवा विक्रेता पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. संजीव पाल ने बताया कि उनका परिवार नौ सदस्यों का है और आजीविका पूरी तरह खेती पर निर्भर है, लेकिन फसल चौपट होने से सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है.इस संबंध में अतिरिक्त तहसीलदार ललित सक्सेना ने कहा कि किसान का आवेदन प्राप्त हुआ है.हल्का पटवारी को मौके पर सर्वे के निर्देश दिए गए हैं. प्रतिवेदन आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.साथ ही प्रभावित किसान को बीमा कंपनी को भी सूचना देने को कहा गया है, जिससे सर्वेयर निरीक्षण कर बीमा राशि का दावा किया जा सके.किसानों का कहना है कि क्षेत्र में नकली खाद और कीटनाशक दवाओं का कारोबार लगातार बढ़ रहा है. कुछ समय पहले ही नकली खाद का बड़ा मामला उजागर हुआ था, अब नकली दवाओं से फसल चौपट होने के मामले सामने आ रहे हैं. विभागीय लापरवाही से किसान लगातार नुकसान उठा रहे हैं और अपनी मेहनत पर आंसू बहाने को मजबूर हैं.


**कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर**
पंजीयन क्रमांक / ए.आर.व्ही.डी.एस./328 दिनांक 15/11/1988
**:: वार्षिक आमसभा::**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर जिला विदिशा की वार्षिक आमसभा वर्ष 2025 की बैठक दिनांक 20/9/2025 दिन शनिवार को समय 1 बजे दोपहर को स्थान समिति कार्यालय ग्यारसपुर में आयोजित की गई है। अत: प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर के समस्त सदस्यों शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों संचालक मंडल के सदस्यों को सूचित किया जाकर अवगत कराया जाता है आयोजित बैठक में सभी सदस्यों जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुन: बैठक उसी स्थान पर आयोजित की जावेगी। जिसके लिए गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**प्रबन्धक**
प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर

**लखनलाल**
अध्यक्ष
प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. ग्यारसपुर